

Manhattan
संसाधन और सहायता
KANSAS STATE UNIVERSITY
पक्षसमर्थन और संसाधन
Center for Advocacy, Response and Education (CARE, वकालत, प्रतिक्रिया और शिक्षा केंद्र)
785-532-6444
गोपनीय
24/7
पक्षसमर्थन
आपदा केंद्र
785-539-2785
गोपनीय
24/7
रिपोर्ट दर्ज करें
Office of Institutional Equity (OIE, संस्थागत इक्विटी का कार्यालय)
785-532-6220
सुरक्षा और पुलिस रिपोर्टिंग
K-State पुलिस और Riley County Police Department (रिले काउंटी पुलिस विभाग)
KSPD: 785-532-6412
या 911
24/7
SafeWalk/Ride
Wildcat Walk और SafeRide
WW: 785-395-7233
SR: 785-532-6541
SR: रात्रि 11.00 बजे से मध्यरात्रि 3.00 बजे तक
केवल गुरुवार से शनिवार तक
WW:24/7
शैक्षणिक सहयोग और संसाधन
Office of Student Life (स्टुडेंट लाइफ का कार्यालय)
785-532-6432
24/7
कांउसलिंग
State of Kansas Employee Assistance Program (EAP, कनस राज्य का कर्मचारी सहयोग कार्यक्रम)
1-888-275-1205 (विकल्प 7)
गोपनीय
24/7
थेरेपी
काउंसलिंग सेवाएँ (छात्र)
785-532-6927
गोपनीय
24/7
थेरेपी
परिवार केंद्र
785-532-6984
गोपनीय
चिकित्सा सेवाएँ
Lafene Health Center (लेफिनी स्वास्थ्य केंद्र) (छात्र)
785-532-6544
गोपनीय
चिकित्सा परीक्षा और सेवाएँ
मानहट्टन में Via Christi Hospital
785-776-3322
गोपनीय
24/7

अगस्त 2016

# Kansas State University भेदभाव, उत्पीड़न, यौन हिंसा और धोखाधड़ी पर किस प्रकार प्रतिक्रिया करती है।

### Policy and Procedures Manual (PPM3010, नीति और प्रक्रिया मैनुअल)

PPM 3010, Kansas State University की नीति है, जो भेदभाव, उत्पीड़न, यौन हिंसा, डेटिंग, घरेलू हिंसा और धोखाधड़ी पर रोक लगाने का कार्य करती है। यह विश्वविद्यालय PPM 3010 द्वारा निषिद्ध कार्यक्रम पर संचालित रिपोर्ट देने के लिए इस समुदाय के सभी सदस्यों को बढ़ावा देती है। PPM 3010 के साथ निरंतर कार्य करके, यह विश्वविद्यालय हमेशा K-State समुदाय के संबंधित सदस्यों द्वारा संचालित इस निषिद्ध कार्यक्रम के सभी रिपोर्टों को मूल्यांकित और प्रक्रियाबद्ध करती है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि पूर्ण जांच आवश्यक है या नहीं। PPM 3010 प्रक्रिया में भाग लेने के लिए रिपोर्ट किए गए चयनित पीड़ीतों पर ध्यान दिए बिना, K-State आवश्यक समर्थन और सहायता सेवाओं के लिए सुझाव देकर इसकी पेशकश करेगा। यह विश्वविद्यालय इस प्रक्रिया में सम्मिलित लोगों की गोपनीयता को सुरक्षित रखने का हर संभव प्रयास करेगी और इस जानकारी को केवल वैध प्रशासनिक या कानूनी रूप से जानने की आवश्यकता पड़ने पर ही प्रकट की जाएगी।

यह विश्वविद्यालय PPM 3010 के अंतर्गत दर्ज की गई शिकायत का निपटारा शिकायत प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर करेगी, हालांकि कुछ स्थितियों में परिस्थिति के अनुसार अधिक समय लग सकते हैं। शिकायतकर्ताओं को संदिग्ध जवाबी कार्रवाई से संबंधित किसी भी घटनाओं की सूचना Office of Institutional Equity (संस्थागत इक्विटी का कार्यालय) को देनी चाहिए।

इस विश्वविद्यालय के PPM 3010 की प्रतिक्रिया एक आंतरिक विश्वविद्यालय प्रक्रिया है जो आपाराधिक न्याय प्रक्रिया से अलग है। इस प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रश्नों के लिए 785-532-6220, equity@k-state.edu, या 103 Edwards Hall, 1810 Kerr Drive, Manhattan, Kansas पर Office of Institutional Equity को निर्देशित किया जा सकता है।

### शिकायतकर्ता के लिए विकल्प

- शिकायतकर्ता को किसी भी जाँच में भाग लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।
- यदि कोई जाँच होती है, तो शिकायतकर्ता को जाँच के परिणाम के लिए सूचित करना चाहिए और विशिष्ट परिणामों के आधार पर याचिका दायर करने का अधिकार होना चाहिए।
- किसी भी परिस्थिति में यथोचित सहयोग और यथोचित बदलाव– जैसे कि कोई संपर्क आदेश नहीं, काउंसलिंग सेवाओं का आंकलन, शैक्षणिक सुविधाओं, ऑन-कैम्पस हाउसिंग, कक्षा कार्य या कार्यालय के स्थान में बदलाव, कार्य की अनुसूची, नौकरी के कार्य या सुपरवाइजर(सुपरवाइजरों) में बदलाव तथा/या सार्वजनिक सुरक्षा अनुरक्षण सेवाएँ, और/या वीजा आव्रजन सहायता– किए जा सकते हैं। यथोचित बदलाव उपलब्ध कराने के लिए Office of Institutional Equity उपयुक्त कैम्पस कार्यालय(कार्यालयों) के साथ कार्य करेगी।
- यौन हिंसा या दूसरे अपराध से संबंधित सूचना प्रदान करते समय कोई भी सलाहकार या सहयोगी –अपने स्वयं के खर्चे पर नियुक्त किए गए प्रतिनिधि सहित– PPM 3010 प्रक्रिया के दौरान सहायता प्रदान कर सकते हैं।

### PPM 3010 की रिपोर्ट के अतिरिक्त यौन हिंसा, डेटिंग या घरेलू हिंसा या धोखाधड़ी के लिए रिपोर्ट किए गए पीड़ितों के लिए चरण

Kansas State University के जरिए और काउंसलिंग, भौतिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए समुदाय में रिपोर्ट किए गए पीड़ितों के लिए सेवाएँ उपलब्ध हैं।

सुझाई गई सेवाओं में शामिल हैं:

- भलाई का बढ़ावा देने और साक्ष्य संरक्षित करने जैसे दोनों ही कार्यों के लिए चिकित्सकीय देखभाल की मांग करना।
- कानून स्थापित करने वाली संस्था को सूचित करना कि अपराध हुआ है। Kansas State University की Center for Advocacy, Response and Education (CARE, एडवोकेसी केंद्र, प्रतिक्रिया और शिक्षा) कैम्पस प्रशासन या स्थानीय प्रशासनिक विभाग से संपर्क करके सहयोग कर सकते हैं।

दुर्व्यवहार या धोखाधड़ी से बचने का एक अतिरिक्त विकल्प न्यायालय से आदेश मांगना है। CARE कार्यालय इसके लिए सहयोग कर सकती है। वैसे क्षेत्रों में जहाँ K-State पुलिस को K-State की संपत्ति सहित उनके प्रशासनिक शक्ति का प्रयोग करने का अधिकार है, वहाँ वे न्यायालय के आदेशों को लागू कर सकते हैं।

यह अनुदान परियोजना उप-अनुदान संख्या 16-VOCA-35 द्वारा समर्थित है, जिसे Kansas Governor's Grants Program (कनस गवर्नर के अनुदान कार्यक्रम) द्वारा संचालित Federal Office for Victims of Crime (अपराध के पीड़ितों के संघीय कार्यालय) द्वारा पुरस्कृत किया गया है। इस प्रकाशन, कार्यक्रम या प्रदर्शनी में निहित विचार, निष्कर्ष, परिणाम या अनुशंसाएँ लेखक(लेखकों) के हैं तथा Office of the Kansas Governor (कनस गवर्नर का कार्यालय) या U.S. Department of Justice (यू.एस. न्यायिक विभाग) के विचारों को व्यक्त नहीं करते हैं।